SHRI K.C. TYAGI: Sir, one second.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. That is enough. There is no discussion on that. It is not a discussion on the...

श्री के.सी. त्यागी : सर, एक्सप्लॉएटेशन में और लूट में क्या फर्क है?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am not an expert. I am not a linguist. I am not an expert.

SHRI DEREK O'BRIEN (West Bengal): Sir, the word 'loot' owes its origin to Hindi and Sanskrit. 'Loot' is not an English word.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not a discussion on that subject. I am not an expert in languages. I am nobody to give a judgment on that. I already said that even my own decisions are subjective; they may not be objective. However, I will try my level-best to be objective.

SHRI P. RAJEEVE (Kerala): After revisiting all these words, I request the Chairman that Rajya Sabha should publish a new book which comprises the words containing Parliamentary and un-Parliamentary words.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is a suggestion and that can be looked into.

SHRI SITARAM YECHURY: There, you have to fix the time-limit, Sir.

DISCUSSION ON THE WORKING OF THE MINISTRY OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We have to continue with the discussion on the working of the Ministry of Women and Child Development. The time allotted is five hours. Already 33 minutes are consumed. In any case, we are not going to allow even a minute more. Therefore, every Member is requested to adhere to his party time. Hon. Member, Shri Satish Chandra Misra was speaking earlier and he may continue now. But, since he is an initiator, he has a little more time. But I ask him to be brief.

SHRI SATISH CHANDRA MISRA (Uttar Pradesh): Sir, I will try to be as brief as I can today. Yesterday, I was speaking about the category of vulnerable women. But, today I would start with children. If we see children in this country, we have 43 crore children who are between 0-18 years of age. देश में 45 करोड़ बच्चे ऐसे हैं, जो जीरो से अठारह साल की उम्र के हैं। ऐसी स्थिति में इन बच्चों के बारे में हम लोगों को और खासतौर से इस मंत्रालय को गंभीरता से देखने की जरूरत है कि इन बच्चों के अपलिफ्टमेंट के लिए, इनकी पढ़ाई के लिए, इनकी देखभाल के लिए हम क्या कर सकते हैं और क्या करना चाहिए, क्योंकि

इस नेशन को बनाने वाले यही बच्चे होते हैं। इसलिए इसको बहुत ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। इस बारे में डा. बाबा साहेब अम्बेडकर ने जो कहा, in the Constitution where he says with respect to woman and child both; while framing the Constitution he has taken care of this and it fits in today more properly. He says that the best religion in the world is one which teaches liberty, equality and fraternity. These are undoubtedly true in today's context, especially in the context of children and women. Dr. Ambedkar, while framing the Constitution, had even ensured to bring forth at least four specific Articles to take care of this category of people, specially. In Article 15, he provided that there shall not be any discrimination on the basis of caste or on the basis of religion and on the basis of sex. But, at the same time, in the very same Article, he provided that you can discriminate positively in favour of women. For doing so, he makes a special provision enabling the States to make affirmative discrimination in favour of women and children under which the Government can pass special laws for women and children. Sir, this we should take note of. Dr. Bhimrao Ambedkar took special care, while making fundamental rights, to provide for a provision to say that there shall not be any discrimination. He said, affirmative discrimination laws should be framed, can be framed by the States in favour of women and children.

In Article 42, he further provides that the State can make provisions for ensuring just and humane conditions of work for women and maternity relief. This is also contained in Article 42 which is the second provision which is specifically dealing with women. Thereafter, Article 45 requires the Government to endeavour to provide early childhood care and education for all children below six years. Now, above all, the Constitution imposes a fundamental duty on every citizen, through article 51A(e) to renounce practices derogatory to the dignity of women.

Sir, yesterday, when I was referring to the television channels and also the soap operas which are going on therein, and especially a celebrity hero giving a nude picture and posters being made thereof, I said that this should be taken seriously by the Government. The Government itself should take the initiative and take action against such things. If the Government is silent, then, the message goes differently. यह मैसेज जाता है कि हां, आप कर सकते हैं, आप तो सेलिब्रिटी हैं। वैसे आप बड़े भारी सोशल वर्कर बनते हैं और अपनी फिल्म चलाने के लिए आपको पैसा कमाना है आजकल जब फिल्म बनती है, तो उसके बाद फिल्म को केवल इस बात से क्रेडिट दिया जाता है कि उसने दो सौ करोड़ कमा लिया या तीन सौ करोड़ कमा लिया। यह क्रेडिट दिया जाता है। The money does not go to the poor people. It goes into the pockests of those who are producing the film. तो इसको देखने की जरूरत है। जब आई.पी.सी. में प्रोविज़न प्रोवाइड किया गया है, Section292(A)an d

[Shri Satish Chandra Misra]

Section 294 of the IPC, there is a specific provision that this is an offence, and this is prohibited. और इस प्रोहिबिशन के अगेन्स्ट में एक्शन होना चाहिए, उसमें तीन साल की सज़ा है, सज़ा दी जानी चाहिए, लेकिन कौन एक्शन लेगा? इसमें गवर्नमेंट को आगे आना चाहिए, मिनिस्ट्री को आगे आना चाहिए। गवर्नमेंट को इस चीज़ के लिए पैनल्टी इम्पोज़ करनी चाहिए, फाइन इम्पोज़ करना चाहिए। जो आमदनी इनकी इस फिल्म से हो रही है, जिसमें इस तरह की चीज़ दिखा रहे हैं, समाज को इस तरह से दूषित कर रहे हैं, तो उसको इम्पाउंड कर लेगा चाहिए, उस पैसे को भी अपने कब्जे में लेकर सोशल वेलफेयर में लगाना चाहिए, चाहे वह तीन सौ करोड़ कमाए, चाहे चार सौ करोड़ कमाए। इस पर ध्यान देने की जरूरत है और इसको देखकर अगर कानून में किसी बदलाव की जरूरत है, फिल्म और टेलीविजन के बारे में, तो गवर्नमेंट को उसे कंसिडर करना चाहिए और विमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर मिनिस्टर से मेरी रिक्वेस्ट है कि उन्हें इस पर जरूर ध्यान देकर, अपने सजेशन्स देकर इसको एनफोर्स कराने की कोशिश करनी चाहिए।

महोदय, कंस्टीट्यूशन में डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने जितने भी लॉज़ प्रोवाइड किए हैं, उनका सही इंप्लिमेंटेशन हो रहा है या नहीं हो रहा है, यह भी देखने की जरूरत है। आज देश में उनका सही इंप्लिमेंटेशन बिल्कुल भी नहीं हो रहा है। आज भी देश में दहेज प्रथा खत्म नहीं हुई है, कानून तो बन गए, लेकिन दहेज प्रथा अभी भी चल रही है। लोगों को मारा जा रहा है, जलाया जा रहा है। आज जब लड़की पैदा होती है, तो शुरू से ही लोगों के दिमाग में परेशानियां आने लगती हैं। इसको कैसे पालेंगे, कहां से दहेज लाएंगे? इस तरह की अनेकों चीजें उनके दिमाग में आती हैं, तो इस तरह की मानसिकता बदलनी पड़ेगी। इसके लिए आपको gender sensitization करना पड़ेगा। जो male children हैं, जो लड़के हैं, उनको भी पढ़ाई करानी पड़ेगी, उनको भी समझाना पड़ेगा। स्कूल से ही उनको gender sensitization करना पड़ेगा और जो लड़कियां हैं, उनके बारे में उनकी सोच बदलनी पड़ेगी। उस सोच को बदलने के लिए जो भी आवश्यक है, वह करने की जरूरत है, जिससे कि आगे चलकर जब मानसिकता बदलती है, वे उस मानसिकता में न आएं और उनको यह ध्यान रहे कि ये हमारी मां-बहन और बेटी की तरह हैं और अगर ऐसा है, तो हमें उनकी रक्षा, उनकी सुरक्षा करने की जरूरत है।

महोदय, इसके साथ-साथ बाल-विवाह, भ्रूण हत्या और बलात्कार ये सबसे बड़ी समस्याएं आज इस देश में हैं। बाल-विवाह को रोकने के लिए अनेकों कानून बने हुए हैं, लेकिन कई लोग इसको अच्छे तरीके से पिक्चराइज करते हैं। तो टेलीविजन में यह दिखाने के बजाय कि बाल-विवाह हो रहा है और उसको एक्सेप्ट किया जा रहा है, उसकी जगह अगर हम लोग रि वर्स दिखाएं, तो शायद कुछ डिफरेंट टाइप की एजुकेशन मिले, लेकिन अफसोस यह है कि आज जब हम लोग टेलीविजन सीरियल्स देखते हैं, तो बाल-विवाह को पहले तो खराब दिखाते हैं, फिर पिक्चराइज़ करके उसको अच्छा दिखा देते हैं। हमें इस तरह की योजना बनानी चाहिए कि बाल-विवाह को रोकने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाए जाएं और जो लोग बाल-विवाह के लिए फोर्स करते हैं, उनको एन्फोर्समेंट के द्वारा पनिश किया जाए। भ्रूण हत्या क्यों होती है? वह इसलिए होती है, क्योंकि एक मानसिकता रहती है कि कहीं लड़की तो पैदा नहीं होगी? और अगर लड़की

पैदा होने वाली है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है, उसको पहले ही मार दिया जाता है। गर्भ में भी अगर लड़की की हत्या होती है, तो यह भ्रूण हत्या भी एक हत्या ही है। इसके लिए पनिशमेंट बढ़ाकर अगर हम लोग इसको हत्या के equivalent ले जाएं, तो शायद लोगों के मन में थोड़ा सा डर पैदा हो और डर के साथ-साथ हमें लोगों को यह भी शिक्षित करना पड़ेगा कि लड़कियां सब कुछ कर सकती हैं, लड़कियां हमसे एक कदम आगे बढ़ सकती हैं। लड़कियों के अंदर वह शक्ति है, जो शायद पुरुषों में नहीं है। आज शायद हम लोगों को जरूरत है ऐसी लड़कियों की, जो लोगों को रास्ता दिखा सकें। उनके पास डेवलपमेंट की शक्ति है, उनके पास मेंटेनेंस की शक्ति है। उन्हें प्रभु ने एक अलग तरह की शक्ति दी है, जो शायद मर्दों को नहीं दी। मर्द तो खाली अपनी मर्दानगी वहां दिखा सकते हैं जहां उन्हें नहीं दिखानी चाहिए और जहां एक्चुअली दिखानी होती है, वहां वे कहते हैं कि सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा था, उसमें यह हत्या पकड़ ली गयी है, उसमें एक्शन पकड़ लिया गया है। फिर यहां पर आकर होम मिनिस्टर साहब बयान दे देंगे कि देखिए, हमने बहुत जल्दी एक्शन ले लिया, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगा हुआ था, उसके तहत हमने यह एक्शन लिया और जिसने घटना को अंजाम दिया, उसे पकड़ लिया। बात यह नहीं है। आज जरूरत इस बात की है कि एक्शन हो ही क्यों रहा है, यह इंसिडेंट होने ही न पाए, हमें इसकी तैयारी करनी चाहिए। हमें इस तरह की योजना बनानी चाहिए कि इंसिडेंट होने से पहले हम उसे कैसे रोकें। आज प्रदेश में और देश में जो पुलिस है, सबको मालूम है कि चालीस परसेंट जो एक्शंस होते हैं, चाहे वे हत्या के हों, लूट के हों या बलात्कार के हों, इसमें उन्हें छोड़ने और छुड़वाने का पुलिस करती है और ज्यादातर मामलों में पुलिस को पहले से ही ज्ञान होता है कि यहां पर यह-यह कार्यवाही होने वाली है, इसलिए वे वहां से लोग हट जाते हैं। हमें ऐसी योजना बनानी चाहिए, इस तरह का सिस्टम बनाना चाहिए, जहां पर जो lawenforcementagencies हैं, अगर वे गलती करती हैं, अगर उनके क्षेत्र में इस तरह का कोई एक्शन होता है तो उन्हें सजा दी जाए। उन्हें खाली सस्पेंड कर देने से या ट्रांसफर कर देने से काम चलने वाला नहीं है, उससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे दूसरी जगह ट्रांसफर होकर जाएंगे, सस्पेंशन को कोर्ट से रुकवा लेंगे और उसके बाद फिर दूसरी जगह एक्शन करने का काम करेंगे। इसलिए उन पर कोई punitive एक्शन होना चाहिए, उनके ऊपर penal एक्शन होना चाहिए, उनको सजा मिलनी चाहिए, इस बात की सख्त जरूरत है। यह तभी हो सकता है, जब, जो वे कर रहे हैं, चाहे वे प्रदेश हों या देश हो, उन्हें अपनी क्षमता को ध्यान में रखते हुए सही मायने में enforcement करना चाहिए। अगर enforcement करने की ताकत होगी, अगर निडर होकर enforcement किया जाएगा, किसी का पक्षपात किए बगैर enforcement किया जाएगा तो ऐसा नहीं है कि कानून-व्यवस्था नहीं संभल सकती। हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में देखा है। बहन मायावती जी की पांच साल की सरकार रही। किस तरह से वहां पर जो कानून-व्यवस्था पहले बिगड़ी हुई थी, महिलाएं घर से निकलने में डरती थीं, घर से बाहर निकलने में हिचकती थीं, बच्चे नहीं निकलते थे, लड़कियां नहीं निकलती थीं, लेकिन पांच साल में जो सरकार बहन मायावती जी ने चलाई, उसमें चाहे उन्हें अपने ही मेंबर्स या मंत्रियों को जेल भेजना पड़ा, उन्होंने उन्हें जेल भेजा, लेकिन कानून के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया, उन्होंने उसमें कोई कंप्रोमाइज नहीं किया। उसी का नतीजा है कि आज पूरे प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में भी मायावती जी का जो कानून का राज है, उसको मान रहे हैं। आज जो उत्तर प्रदेश की बहन-बेटियां हैं, वे बहन मायावती जी के राज को याद कर रही हैं, जब वे सुरक्षित थीं अभी रक्षा बंधन का मौका था, उस मौके पर सब लोग अपनी बहन से राखियां

[Shri Satish Chandra Misra]

बंधवाते हैं। हम लोग भी बहन मायावती जी के पास राखी पर गए, हम हर बार वहां राखी बंधवाने जाते हैं, लेकिन वहां पर सिलसिला जरा सा उलटा चलता है। वहां पर जो प्रदेशवासी हैं, वे बहन मायावती जी को राखी बांधने का काम करते हैं क्योंकि आप हमारी रक्षा कर रही हैं, आप हमारी सुरक्षा कर रही हैं, आप प्रदेशवासियों की सुरक्षा कर रही हैं।

SHRIMATI JAYA BACHCHAN (Uttar Pradesh) : Shame on them. *..(Interruptions)...*

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा : बिल्कुल सही बात है। Shame on such people who are of this category, जिन्हें आज सुरक्षा देने की जगह सुरक्षा लेने की जरूरत पड़ती है। जया जी, आप बिल्कुल सही बात कह रही हैं। आज इसी तरह की जरूरत है, आज झांसी की रानी की तरह की मर्दानगी की जरूरत है। आज ऐसे मर्दों की जरूरत नहीं है जो अपनी बहन बेटियों को लुटते हुए देखें।

SHRIMATI JAYA BACHCHAN : I object to this word 'mardangi'. झांसी की रानी को 'मर्दानगी' कहना, I object to this word, Sir. I am sorry, Misra*ji*. *...(Interruptions)...* I am extremely sorry for doing this.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा : सर, इसकी जगह जो शब्द जया जी कहें, आप उसे इसमें incorporate कर दीजिएगा। वह हम इनके ऊपर छोड़ देते हैं कि झांसी की रानी ...(**व्यवधान**)...

श्री शरद यादव (बिहार) : उसकी जगह बहादुरी कर दीजिए।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा : 'बहादुरी' शब्द कर दें या अन्य कोई उचित शब्द कर दें। जया जी पहले जया भादुड़ी थीं, आप उसे 'बहादुर' शब्द कर दीजिए, तब ठीक रहेगा, मुझे उसमें कोई एतराज़ नहीं है। जो हमारा कहने का मकसद है, वह शायद आप भी समझ गयी हैं और सदन भी समझ रहा है कि झांसी की रानी का जब हम जिक्र कर रहे हैं तो हम क्या बात कर रहे हैं। आज देश और प्रदेश को इस तरह के लोगों को जरूरत है, जिनके रहते लोग स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें, हमारी बहन-बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। ऐसा न हो क वे लोग परेशान होकर प्रदेश छोड़ने की बात करने लगें, जैसा आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है। इसी के साथ बच्चों का सवाल है, जैसा मैंने कहा कि इस देश में 43 करोड़ बच्चे हैं, जो 0 से लेकर 18 वर्ष तक की उम्र के हैं। उनके बारे में हम लोगों को सोचने की जरूरत है। कांस्टीट्यूशन में अमेंड करके राइट टू एजुकेशन लाया गया है और 14 वर्ष की उम्र तक के बच्चों के लिए राइट टू एजुकेशन कम्पलसरी कर दिया गया है। उसमें कहा गया है कि इन बच्चों को एजुकेशन दी जाए। मैंने अभी पढ़ा कि कांस्टीट्यूशन में लिखा है कि यह फंडामेंटल ड्यूटी है कि हम लोग ऐसा प्रोविजन लाएं कि जो बच्चे हैं, उनको पढ़ाया जा सके, उनको कम्पलसरी एजुकेशन दी जा सके। एजुकेशन के बगैर हम लोग कुछ नहीं कर सकते। अगर बच्चे एजुकेट नहीं होंगे, तो वे आगे नहीं बढ़ सकते हैं। कांस्टीट्यूशन को राइट टू एजुकेशन के संबंध में अमेंड किए हुए एक-डेढ़ वर्ष हो चुका है, लेकिन उसको हम अभी तक इंप्लिमेंट नहीं कर पा रहे हैं। इसके बारे में बजट में भी कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है जिससे कि इसको इंप्लिमेंट किया जा सके। आज इसकी बहुत सख्त जरूरत है। इसको एनफोर्स करने के लिए, जो भी फंड की जरूरत है, उसका इंतजाम केन्द्र की सरकार को जरूर करना चाहिए।

जो बच्चे वर्किंग वुमेन के हैं, जो गरीब वुमेन के बच्चे हैं, उनके बारे में खासतौर से ध्यान देने की जरूरत है। उनको किस तरह से पढ़ाया जाए, उनका किस तरह से रिहेबिलिटेशन किया जाए, इसके बारे में देखने की जरूरत है। बच्चे कई establishments में काम कर रहे हैं, रेस्टोरेंट्स में काम कर रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि चाइल्ड लेबर एक्ट के prohibition के बावजूद भी सारे देश में बच्चे काम कर रहे हैं। वे कम उम्र में काम कर रहे हैं, चाहे establishments हों, चाहे रेस्टोरेंट्स हों, चाहे चाय की दुकानें हों, चाहे रेलवे स्टेशन हो, चाहे बस स्टैंड हो, डोमेस्टिक चाइल्ड वर्कर्स हों, स्ट्रीट वेंडर्स हों, वहां पर इनको काम करना पड़ रहा है और private establishments, जो कि dangerous hazardos establishments कहलाते हैं, वहां पर भी बच्चे काम करते हैं। जो सरकार के आंकड़े हैं, उनके हिसाब से लगभग एक करोड़ 25 लाख बच्चे 06 से 14 साल की उम्र के हैं, जो उनमें काम कर रहे हैं और अपना जीवन खराब कर रहे हैं। ऐसे बच्चों के बारे में आपको सोचने की जरूरत है। उनको क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं, इसके बारे में सोचने की जरूरत है। हो सकता है कि कई जगह पर parents मजबूरी में अपने बच्चों से वहां पर काम करा रहे हों, लेकिन उसके बारे में व्यवस्था होनी चाहिए। उनके लिए प्रोविजन करना चाहिए, जिससे कि ऐसे बच्चों को फोर्स करके उनके parents उनसे काम न लें या एम्पलायमेंट न दिलवाएं और ऐसी जगह पर न दिलाएं जहां एक करोड़ 25 लाख बच्चे आज hazardous work में लगे हुए हैं। यह बहुत ही शर्म की बात है, हम सब के लिए शर्म की बात है और इस देश के लिए शर्म की बात है। यही पीढ़ी है जो आगे चलकर देश को बनाने का काम करेगी। ये हम लोगों की जगह यहां पर होंगे। अगर हम उनके लिए सुविधा नहीं दे सकते हैं, तो इसके मायने यह है कि जो हम लोगों को काम दिया गया है, उसमें हम लोग पूरी तरह से फेल हो रहे हैं।

आज sex ratio decline होता जा रहा है, girl child ratio decline होता जा रहा है और बहुत ही alarming तरीके से decline हो रहा है। वर्ष 2001 से 2011 के बीच में जीरो से छह साल की उम्र में 12 प्वाइंट का decline हो गया है, जो कि 2001 में 927 प्रति 1000 था, वह आज घटकर 914 प्रति 1000 हो गया है, 914 लड़कियां और 1000 लड़के का ratio रह गया है। जहां तक पंजाब की बात है, वहां तो और भी alarming स्थिति है। वहां पर तो 832 लड़कियां 1000 लड़कों में हैं। इस तरह से वहां पर decline हो रहा है, इसलिए इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर ऐसा किसलिए हो रहा है? ऐसा पंजाब और हरियाणा दोनों में हो रहा है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is very alarming and very serious.

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: It is 832, as against 1000. Therefore, we should look into this. If it keeps on declining like this, where will we be reaching? Malnutrition of poor mothers, resulting in death of infants, is also shocking. हर बीस बच्चों में से एक बच्चे की डेथ हो रही है। यह malnutrition की वजह से हो रही है और एक साल के अंदर वह बच्चा मर जाता है। वह malnutrition की बजह से मर जाता है। इसके बारे में आप क्या व्यवस्था करने जा रहे हैं, किस तरह से व्यवस्था करने जा रहे हैं, इसको देखने की जरूरत है। मैं कल vulnerable women की बात कर रहा था और मैं आगे चलकर अपनी बात इसी में conclude भी करुंगा। मैंने कल vulnerable women में बाकी सब केटेगरीज़ की women की बात

[Shri Satish Chandra Misra]

रखी थी, उसमें कुछ केटेगरीज़ रह गई थीं, जिनके बारे में, मैं आज जिक्र करना चाहूंगा। They are women working as domestic servants. In every house, women are working in some manner or other. What is the safety for them? What are we doing for their rights? How are we protecting them? If they are harassed, there is no provision to take care of them. Where should they go? That is why yesterday I was saying that there should be a legal aid centre exclusively for women. Dr. Bhim Rao Ambedkar had already made a provision. You should come forward with such provisions, especially for the women, so that these women who are helpless and who have to work because of their domestic problems are protected. They are working as domestic servants. They are being harassed. There is nothing to protect them. There is no way to redressal of their grievances. If they do, they might lose their jobs also. Therefore, we have to take care of this. We should also take care of the women who still carry human waste on their heads. This is highly shameful for the country. Even today, after so many years of independence, there are women who still carry human waste on their heads. We say that this will be abolished in a few years but it should have been abolished by now. Certain provisions should be made. Some financial provisions should be made. It should be done on an emergency basis, on a day-to-day monitoring basis and a village-to-village basis. This should be abolished immediately. We cannot wait for five years or ten years for this. Similarly, in the rural areas, women have to go out in the open to relieve themselves. There are no toilets there. It was said that in 10 or 12 years, whichever period was said, we will have toilets in every home. In fact, toilet should be there in every house immediately. We should stop funding other places where it is not required. You should provide toilets in rural areas first. Their condition is very pathetic. How they come out of the house and what happens with them, you know this. In Uttar Pardesh, you must have heard of cases where women were gangraped when they went out. So, this is what is happening. The cases which are reported are reported and which are not reported are not reported at all.

Now, I come to the issue of security for differently-abled girls. हम लोग देख रहे हैं कि जो डिफरेंटली एबल्ड गर्ल्स होती हैं, उनमें इनसेनिटी भी होती है, helplessness भी होती हैं। उस तरह की लड़कियां, उस तरह की विमेन अगर बाहर घूम रही हैं, उनके लिए किसी जगह एरेंजमेंट करें, उनको एस्टैब्लिश करें, उनके लिए सेन्टर्स बनाएं, रिहैबिलीटेशन सेन्टर्स बनाएं, लेकिन उनको समाज में ऐसे ही छोड़ दिया गया है। Rapes are being committed and they are reported in the newspapers. But they are helpless. Nobody is there to take care of them. So, we have to take care of such women also. So far as the security of women is concerned, I would say that if you cannot bring 50 per cent women in police personnel,

at least you should bring 30 per cent. Fifty per cent should be their share, according to their population. You should at least bring 30 per cent, so that there is a sense of security. ...*(Time-bell rings)*... Sir, I will conclude in five minutes. We should prioritise framing of schemes or policies for differently-abled girls, for which separate funds should be provided. There should be a separate Ministry or, at least, Ministerial staff should be there. मेरा कहने का यह मतलब है कि आप कम से कम distinction करिए, मैट्रो सिटी को अलग लीजिए, आप डिस्ट्रिक्टस् को अलग लीजिए और रूरल एरियाज़ को अलग लीजिए। आप इसको तीन हिस्सों में डिवाइड करिए, तीन तरह के लोग रह रहे हैं, तीन जगह रह रहे हैं और तीन तरीके हैं। जो मैट्रो सिटी की विमेन हैं, मैट्रो सिटी में जो लड़कियां हैं, जो वर्किंग विमेन हैं, उनकी प्राब्लम्स separate हैं, उनके लिए आपको सेप्रेट अरेंजमेंट्स करने पड़ेंगे। उनके लिए आप separate measures लेंगे। जो डिस्ट्रिक्टस् में हैं, उनके लिए आपको दूसरी तरह से सोचना पड़ेगा और जो रूरल एरियाज़ में हैं, उनके लिए आपको तीसरी तरह से सोचना पड़ेगा। इसके लिए आपको अलग से मिनिस्ट्रियल स्टाफ रखना पड़ेगा, अलग से सेक्शन बनाना पड़ेगा। अगर आप इनके लिए अलग से मिनिस्ट्रियल स्टाफ नहीं रखना चाहते हैं, जब तक आप इसको अलग-अलग नहीं करेंगे, सेप्रेट फंडिंग नहीं करेंगे, तो जो रूरल एरियाज़ हैं और जो डिस्ट्रिक्टस् हैं, जो डेवलप्ड नहीं हैं, वहां रहने वाली लड़कियां हमेशा पिछड़ी रहेंगी। वहां पर स्कूल्स नहीं होंगे, वहां पर फैसिलिटीज़ नहीं रहेंगी। रूरल एरियाज़ में जहां पढ़ाई की बात होती है, जहां गर्ल्स हैं, उनके लिए स्पेशल स्कूल्स खोलने चाहिए। आप हर विलेज में नहीं खोल सकते हैं, तो आप एक एरिया बनाइए और उसमें स्कूल्स खोलिए तथा उसमें उनकी बढ़िया से बढ़िया पढ़ाई का इंतजाम कराइए। उसमें आप अंग्रेजी भी इन्क्लूड करिए। मंत्री जी, आपको भी नॉलेज होगी, क्योंकि आप उत्तर प्रदेश से belong करती हैं, उत्तर प्रदेश में छठे दर्जे से अंग्रजी पढ़ाई जाती है। माननीया मंत्री जी, आपको यह भी मालूम है कि उत्तर प्रदेश में छठे दर्जे में ABCD पढ़ाई जाती थी, लेकिन जब बहन मायावती जी की सरकार आई, तो उन्होंने आते ही सबसे पहला आदेश यह जारी किया था कि जो सरकारी स्कूल्स हैं, उनमें पढ़ने वाले बच्चों को प्राइमरी क्लास से अंग्रेजी पढ़ाई जाएगी। वहां से इसको लागू कराने का काम किया था। आप इसके लिए फेसिलिटी भी दीजिए। आप इसके लिए फेसिलिटी देकर उनको पढ़ाने का काम कीजिए। आप इस काम के लिए एन.जी.ओज़ को जो फंड देते हैं, उस पर स्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग रखिए कि वे रूरल एरिया में कितना पैसा लगा रहे हैं। आप रूरल एरिया वालों को वहीं पर कन्फाइन कीजिए, जो डिस्ट्रिक्ट वाले हैं, उनको डिस्ट्रिक्ट में कन्फाइन कीजिए और जो मेट्रो सिटीज़ में हैं, उनको वहीं पर लगाने का काम कीजिए, अदरवाइज वही होगा, जो नहीं होना चाहिए।

आप इनको सिक्योरिटी देने का काम कीजिए। यदि आप सिक्योरिटी नहीं देंगे तो महाभारत होगा। महाभारत में द्रौपदी चीरहरण हुआ था। लोग आंख बंद करके बैठे रहे, देखते रहे और उसके बाद महाभारत हो गई। ऐसी महाभारत से कोई फायदा नहीं होता। हम लोगों को यह देखना है कि अगर इस देश में इस तरह का चीरहरण होता है या कोई करने की कोशिश करता है तो

[Shri Satish Chandra Misra]

यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह उसी समय उठकर खड़ा हो और उसका विरोध करे। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, please conclude.

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: Sir, I will just take two minutes. I had said, 'I will take five minutes.' I have already taken two minutes. I will take three more minutes and conclude with my points. I will straightway read from my notes so that it does not take time.

Now, for summing up, in conclusion I will say, the barriers to the women empowerment, according to our party and myself, are manifested in various ways. Deep-rooted ideologies of gender bias and discrimination like the confinement of women to the private domestic realm, restrictions on their mobility, poor access to health services, nutrition, education and employment and exclusion from the public and political sphere continue to daunt women across the country.

Hence, according to me, the key elements for gender equity to be addressed should be the following: economic empowerment, social and physical infrastructure, enabling legislations, women's participation in governance, inclusiveness of all categories of vulnerable women, engendering national policies/programmes, and mainstreaming gender through Gender Budgeting.

In this regard women should be given facilities, and there should be an opportunity to the women to work from home - this is very important; please note this. There should be opportunity to the women for working from home. Their timing of the office hours should also be made flexible, not like men.

For this purpose, the women should be given facilities and these should be: the Government's initiation should be there through public-private partnership; computer, typing, editing can be done from home; skill works can be done from home; working hours must be according to the women convenience; adult literacy should be there; vocational training should be given, including in relation to agriculture. All possible measures should be taken for security purposes, including grant of arms licences to women also; if you have given one to men, give one to women, if not two. Give one to women. Training must be given for using them. Self-defence training should be there. Women police should be increased to, at least, 30 per cent, if not 50 per cent. We should not forget the case of Additional District Judge in Madhya Pradesh where she has resigned on account of the allegations made against a sitting High Court Judge. Therefore, Support

Struggle Committees are required to be made at work places instead of Committees as has been done in Vishakha Judgement. Mere implementation of Vishakha Judgement is not helping. The members of such committees should be from amongst the employees to be elected by the employees.

In the end, while concluding I would like to say that ₹ 150 crore in the Budget for Centres for Women Safety is a peanut for 60 crore women population. ₹ 1,000 crore fund under 'Nirbhaya Fund' for women still remains untouched - it is shameful. Women Protection Centres are needed in every district and every Panchayat and not only in metro cities. Legislation alone cannot emancipate our women. They have to be effectively implemented and enforced. We have to ensure that they are empowered but the empowerment is not just another hype. Mere lofty ideas for women's upliftment will not help ease their burden. It is now time for the final push to make the nation safe for women else we have no right to be called as men. We have to preserve childhood and ensure that Child Development Schemes do not become the monopoly of contractors, packaged food manufacturers and hazardous business houses. We must give children their right to play. Please do not forget that caring for the child is caring for the nation. We have to empower the girls through effective and useful schemes. It is a very dangerous trend that minors are fast getting sucked into the world of crime. Everything possible should be done to stop this. ...*(Time-bell rings)*... One rape is being committed in every 30 minutes in India, which is shameful and disgraceful. There should be a provision for women Police Force to protect them. Thank you.

श्रीमती मोहसिना किदवई (छत्तीसगढ़) : मान्यवर, मैं आपकी बहुत आभारी, बहुत मशकूर हूं कि आपने मुझे मौका दिया। मैं यह समझती हूं कि यह सबसे इम्पॉर्टेंट मिनिस्ट्री है, जिसके ऊपर मैं अपना इज़हारे ख्याल करना चाहती हूं।

उपसभापति जी, अभी हमारे लोक सभा के जो चुनाव हुए और इस चुनाव में जीत कर जो पार्टी आई, जिसके सदस्य उधर बैठे हैं, जिसके प्राइम मिनिस्टर बने, हम उनका खैर मक़दम करते हैं, क्योंकि यह अवाम का फैसला है और जम्हूरियत में अवाम का फैसला ही सबसे बड़ा होता है। लेकिन जिस तरह से यह इलेक्शन लड़ा गया, मैं उसके बारे में बताना चाहती हूं। मैंने भी इस मई में अपनी एक्टिव पॉलिटिक्स के 54 साल पूरे किए हैं। मैंने अपनी जिन्दगी में बहुत इलेक्शंस लड़े हैं, बहुत इलेक्शंस लड़वाए हैं, लेकिन मैंने ऐसा इलेक्शन कभी नहीं देखा, जो ज़ातीयत पर आता हो, जिसमें सिर्फ character assassination या एक खानदान के पीछे पड़ कर, एक पार्टी के पीछे पड़ कर इस तरह की बातें की गईं। मैं समझती हूं कि हमारा जो सियासी मैदान है, उसमें एक तहज़ीबो तमद्दुन, एथिक्स होते हैं। हमने इनकी सारी सरहदें पार करके इस इलेक्शन में इस देश की अवाम को जो मेसेज दिया, मैं समझती हूं कि उससे हमें बचना चाहिए।

उपसभापति जी, इस इलेक्शन में दो चीज़ें कही गई हैं, जिनके बारे में मैं कहना चाहती हूं। ...(**व्यवधान**)...

[श्रीमती मोहसिना किदवई]

†[**محترمہ محسنہ قدوائی (چھتیس گڑھ) :** مانیور، میں آپ کی بہت آبھاری، بہت مشکور ہوں کہ آپ نے مجھے موقع دیا ۔ میں یہ سمجھتی ہوں کہ یہ سب سے امپورٹینٹ منسٹری ہے، جس کے اوپر میں اپنا اظہار خیال کرنا چاہتی ہوں۔

اپ سبھا پتی جی، ابھی ہمارے لوک سبھا کے جو چناؤ ہوئے اور اس چناؤ میں جیت کر جو پارٹی آئی، جس کے سدسئے ادھر بیٹھے ہیں، جس کے پرائم منسٹر بنے، ہم ان کا خیر مقدم کرتے ہیں، کیوں کہ یہ عوام کا فیصلہ ہے اور جمہوریت میں عوام کا فیصلہ سب سے بڑا ہوتا ہے۔ لیکن جس طرح سے یہ الیکشن لڑا گیا، میں اس کے بارے میں بتانا چاہتی ہوں۔ میں نے بھی اس مئی میں اپنی ایکٹیو پالیٹکس کے 54 سال پورے کئے ہیں۔ میں نے اپنی زندگی میں بہت الیکشنس لڑے ہیں، بہت الیکشنس لڑوائے ہیں، لیکن میں نے ایسا الیکشن کبھی نہیں دیکھا، جو ذاتیت پر آتا ہو، جس میں صرف کریکٹر اسیسنیشن یا ایک خاندان کے پیچھے پڑ کر، ایک پارٹی کے پیچھے پڑ کر اس طرح کی باتیں کی گئیں۔ میں سمجھتی ہوں کہ ہمارا جو سیاسی میدان ہے، اس میں ایک تہذیب و تمدن، ایتھکس ہوتے ہیں۔ ہم نے ان کی ساری سرحدیں پار کرکے اس الیکشن میں ان دیش کی عوام کو جو میسیج دیا ہے، میں سمجھتی ہوں کہ اس سے ہمیں بچنا چاہئے۔

اپ سبھا پتی جی، اس الیکشن میں دو چیزیں کہی گئیں ہیں، جن کے بارے میں میں کہنا چاہتی ہوں ...(مداخلت)...

श्री प्रभात झा (मध्य प्रदेश) : सर, इन्होंने जो कहा है ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Not now. ...*(Interruptions)*... No, no, no. Sit down. ...*(Interruptions)*... Not allowed. Sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI MOHSINA KIDWAI: I have not yielded. ...*(Interruptions)*... I am not yielding. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Member is not yielding. Sit down. ...*(Interruptions)*... Why do you interrupt? ...*(Interruptions)*...

†Transliteration in Urdu Script.

KUMARI SELJA (Haryana): Sir, what is this? Why are they interrupting? ...*(Interruptions)*... It is not fair. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why do you interrupt? ...*(Interruptions)*... Please do not interrupt. ...*(Interruptions)*... That is her view. ...*(Interruptions)*...

KUMARI SELJA: She is not yielding. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI MOHSINA KIDWAI: I am not yielding. ...*(Interruptions)*... मैं बोलूंगी, आपको सुनना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...[میں بولوں گی آپ کو سننا پڑے گا۔]†

कुमारी शैलजा : आप सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: She is not yielding. ...*(Interruptions)*... That is her view. Why do you worry? ...*(Interruptions)*... You can reply when your turn comes. ...*(Interruptions)*... You reply when your turn comes. ...*(Interruptions)*...

SHRI B. K. HARIPRASAD (Karnataka): Mr. Deputy Chairman, Sir, they don't have the decency to respect a senior leader. ...*(Interruptions)*... They don't have the decency and the patience to listen to what she says. ...*(Interruptions)*...

कुमारी शैलजा : आपको क्या प्रॉब्लम है? उन्हें बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down. ...*(Interruptions)*... आप लोग बैठिए। That is her view. ...*(Interruptions)*...

SHRI B. K. HARIPRASAD: You did that. ...*(Interruptions)*... You did that and you have been doing it! You have no business to interrupt. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't do that. ...*(Interruptions)*... What is your problem?. ...*(Interruptions)*...

श्री अनिल माधव दवे (मध्य प्रदेश) : सर, यह 'character assassination' ठीक शब्द नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

KUMARI SELJA: Sir, you cannot allow this. ...*(Interruptions)*...

श्री अनिल माधव दवे : इस उम्र में ऐसे शब्द नहीं बोलने चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

कुमारी शैलजा : इसका क्या मतलब है? ...(**व्यवधान**)...

डा. सत्यनायण जटिया (मध्य प्रदेश) : सर, इसको expunge कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Lady Member, sit down. ...*(Interruptions)*... Dr. Jatiya, you are a Vice-Chairman. ...*(Interruptions)*... Hon. Lady Member, please take your

†Transliteration in Urdu Script.

[Mr. Deputy Chairman]

seat. ...*(Interruptions)*... Hon. Lady Member, please take your seat. ...*(Interruptions)*... Now, please ...*(Interruptions)*... If there is anything derogatory or unparliamentary, I will look into the records and expunge it, but on her political views, you would get a chance to speak. At that time you can reply. ...*(Interruptions)*...

SHRI ANIL MADHAV DAVE: You may say anything political. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Please proceed. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती मोहसिना किदवई : देखिए, मुझे वे बातें तो कहनी पड़ेंगी, जिन पर सरकार चुन कर आई है। मुझे जो प्वाइंट्स कहने हैं, वे तो मैं कहूंगी।

मैं आपसे यह अर्ज़ कर रही थी कि दो चीजों के ऊपर यह सरकार आई। एक तो महंगाई का सवाल था, जिस पर हमारी सरकार गई और आपकी सरकार को मौका मिला। दूसरी बात यह है कि आपने पूरे देश को यह समझाने की कोशिश की कि 60 साल बनाम 60 महीने, यानी 60 साल में कांग्रेस ने बरबाद कर दिया, उसकी जो नीतियां थीं, उसके जो प्रोग्राम्स थे, जो सारी चीज़ें थीं, इस देश को बरबाद करने वाली कांग्रेस है। उपसभापति जी, मैं पूछना चाहती हूं कि क्या आज़ादी की लड़ाई को आप कांग्रेस से अलग कर सकते हैं? इन्होंने तीसरी बात-'कांग्रेस मुक्त भारत' कही। अगर आप 'कांग्रेस मुक्त भारत' कह रहे हैं, तो कुछ सोच कर आप यह कहिए। यह वह कांग्रेस है, जिसके नेतृत्व में आज़ादी की लड़ाई लड़ी गई। ब्रिटिश पीरियड, जो अपने समय की सबसे बड़ी सल्तनत कहलाती थी, उस वक्त यहां के भूखे, नंगे, जाहिल हिन्दुस्तानियों के माध्यम से कांग्रेस के नेतृत्व में वह लड़ाई लड़ी गई, तभी हम अपने देश को इतनी बड़ी ताकत से मुक्त करवा पाए, लेकिन आज आप इस देश को यह बताना चाहते हैं कि हम कांग्रेस मुक्त सरकार चाहते हैं, कांग्रेस मुक्त भारत चाहते हैं।

कांग्रेस का इतिहास बहुत विशाल है, इतिहास से आप कांग्रेस का नाम हटा नहीं सकते हैं। जब-जब भी इतिहास लिखा जाएगा, तब-तब यह बताया जाएगा कि आज़ादी की सबसे बड़ी जंग कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ी गई। अगर उसमें कुछ मिसिंग था, तो वह आपकी पार्टी थी। आपकी पार्टी का एक शख्स भी ऐसा नहीं है, जिसने आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया हो, जिसने अंग्रेजों का एक कोड़ा भी खाया हो या जिसने अंग्रेजों की कोठरियों में जाकर अपनी जवानियां बिताई हों।

आज मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि आप सरदार पटेल की इतनी इज्जत कर रहे हैं। आपके पास तो कोई ऐसा लीडर है नहीं, जिसकी आप बात करें या जिसका फ्रीडम मूवमेंट से ताल्लुक हो। आपके पास ऐसा कोई लीडर नहीं है। मुझे बड़ी खुशी है कि आपने हमारी कांग्रेस के जो बड़े जबरदस्त लीडर थे, जिनका देश को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा कांट्रिब्यूशन था, आप उनकी इज्ज़त कर रहे हैं। हमारी कांग्रेस के उस लीडर को आप इतना बड़ा सम्मान दे रहे हैं, जिसकी आज़ादी की लड़ाई में बड़ी जबरदस्त भूमिका थी और आज़ादी के बाद, देश के विकास में भी जिनका बहुत बड़ा कांट्रिब्यूशन रहा है।

उपसभापति जी, आज यह कहा जा रहा है, '60 साल बनाम 60 महीने'। मैं जरा सा आपको पीछे की हिस्ट्री बताना चाहती हूं। आप कहते हैं कि 60 साल में कांग्रेस ने कोई काम ही नहीं किया। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति जी, 1947-48 का जो पहला बजट था, जो हमारे आर.के. शणमुखम चेट्टी जी ने पेश किया था, वह बजट 171 करोड़ रुपये का था और वह डेफिसिट बजट था। उसमें लगभग 196 करोड़ रुपये का एक्पेंडिचर था। दूसरा और तीसरा बजट, जो हमारे श्री जॉन मथाई जी ने पेश किया था, वह 155 करोड़ रुपये और 203 करोड़ रुपये का था। आज हमारे वित्त मंत्री, अरुण जेटली जी ने 2014-15 का जो बजट पेश किया है, वह 17 लाख करोड़ रुपये का बजट है। 17 लाख करोड़ रुपये का जो बजट आज पेश हुआ है, वह 60 साल की सारी बरबादी का ही नतीजा है, जिसका फायदा आज आप उठा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... यह किसने दिया? यह 17 लाख करोड़ रुपये का जो बजट आपने दिया ...(**व्यवधान**)... आप ज़रा ख़ामोशी से सुन लीजिए।

मैं आपसे कह रही हूं कि 60 साल में जितनी भी तरक्की हुई, वह कांग्रेस की ही देन है। आपको अपनी आइडियोलॉजी साफ करनी पड़ेगी। आपको बताना पड़ेगा कि आपकी पार्टी की आइडियोलॉजी क्या है? आपकी पार्टी की विचाराधारा क्या है? आपकी पार्टी क्या करना चाहती है? अब आप सरकार में हैं, इसलिए आपको अपनी पार्टी की आइडियालॉजी बतानी पड़ेगी। हमारी आइडियोलॉजी और हमारी विचारधारा बहुत दिन पहले, जब आज़ादी की जंग लड़ी जा रही थी, तभी तय कर ली गई थी, हमने अपने रास्ते तभी तय कर लिए थे। ऐसा नहीं है कि आज वोट के लिए हम अपनी आइडियालॉजी या अपनी विचारधारा बदल रहे हैं। हमारे रास्ते, हमारी मंज़िलें, यह सारा कुछ आज़ादी से पहले हमारे जो सेशन हुआ करते थे, उसी में तय कर लिए गए थे।

मैं आपसे एक बात कहना चाहती हूं, छह महीने इस देश में जिस तरह से प्रचार हुआ, उसके लिए मैं यह जरूर कहूंगी कि लोग बोलने में बहुत उस्ताद हैं। प्राइम मिनिस्टर पूरे देश के होते हैं, एक पार्टी के नहीं, लेकिन मुझे इक़बाल का एक शेर याद आता है, जो मैं कहना चाहती हूं-

'इक़बाल बड़ा उपदेशक है, मन बातों में मोह लेता है।
गुफ्तार का ग़ाज़ी बन तो गया, क़िरदार का ग़ाज़ी बन न सका।।'

आपको शायद यह शेर समझ में नहीं आएगा, लेकिन हमारी बहन नजमा वहां बैठी हैं, वे आपको इसका मतलब समझाएंगी। मैं आपसे कहना चाहती हूं कि इस देश को अगर चलाना है तो किसी आइडियोलॉजी पर चलाना होगा, किसी विचारधारा पर चलाना होगा। नारेबाज़ी से देश नहीं चलते हैं और इतना अज़ीम देश किस तरह ऐसे चल सकता है? अभी परसों हम 15 अगस्त मनाने जा रहे हैं। जब हमारे देश के प्राइम मिनिस्टर, चाहे वे जो भी हों, लाल क़िले की उस तारीख़ी फ़सील से तिरंगा लहराते हैं, तो हर हिन्दुस्तानी का सीना चौड़ा हो जाता है कि यह हमारा तिरंगा है, जिसके नीचे हमने आज़ादी की लड़ाई लड़ी और इतने आगे बढ़े। उपसभापति जी, यह जो हमारी मिनिस्ट्री है और आज़ादी की लड़ाई में जिस तरह से आप लोगों ने – मैं यह समझती हूं कि आपने यह कह कर कि हमें 'कांग्रेस मुक्त भारत' चाहिए, आप उन लाखों हिन्दुस्तानियों का अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने तिरंगे के नीचे आज़ादी की लड़ाई लड़ कर आपको इस काबिल बनाया, हम लोगों को इस काबिल बनाया कि हम यहां बैठ सकें। हमारा जम्हूरियत पर, सोशलिज्म पर सेल्युलरिज्म पर जो विश्वास था, उसने हमें आज यहां तक पहुंचाया। उस वक्त सब हिन्दुस्तानी, नंगे, भूखे और जाहिल हिन्दुस्तानी, जो इकट्ठे लड़ाई लड़ रहे थे, उनमें मज़हबो

[श्रीमती मोहसिना किदवई]

मिल्लत किसी चीज़ की कोई तफ़रीक नहीं थी। आज आप बजट की बात कर रहे हैं। आज आप 17 लाख करोड़ के बजट की बात कर रहे हैं और 60 सालों में हमने जो काम किया ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति जी, जिस मिनिस्ट्री की बात हो रही है, आज़ादी की लड़ाई में आप लोगों का कोई – खैर, प्रधान मंत्री जी ने कहा कि मैं अभागा हूं कि मैं उस लड़ाई में शामिल नहीं हो सका। यह बात सही है। लेकिन उस उम्र के बहुत से लोग ऐसे हैं, जिनको कम से कम एक रात की सज़ा मिली होती, तो उनके पास फ्रीडम मूवमेंट का एक सर्टिफिकेट होता। मुझे एक शेर याद आता है कि:

'जब पड़ा वक्त गुलिस्तां पे, तो खून हमने दिया,
अब बहार आई, तो कहते हो तेरा काम नहीं हैं।

इसलिए आज हमें सोचना चाहिए। देश चलाना कोई आसान बात नहीं है। उपसभापति जी, जिस मिनिस्ट्री के ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती कुसुम राय (उत्तर प्रदेश) : ...(**व्यवधान**)... जनता ने किया है, हम लोगों ने कुछ नहीं किया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती मोहसिना किदवई : जिस मिनिस्ट्री पर आज बहस हो रही है, मैं समझती हूं कि अगर आप इसको देखें, तो कांग्रेस ने हमेशा औरतों और बच्चों का ख्याल रखा। कांग्रेस पार्टी का इस देश की महिलाओं और बच्चों के साथ यह कमिटमेंट था। सोशल सेक्टर में और खास तौर से इस मिनिस्ट्री में हमारा जो खर्चा हुआ, यह बहुत पुरानी बात है। काफी दिनों पहले, इंदिरा जी ने पहली मर्तबा स्टेटस ऑफ विमेन पर एक कमेटी कायम की थी। उन्होंने तमाम बातें कही थीं, लेकिन यह मिनिस्ट्री उसी की एक जड़ है। मैं समझती हूं कि सेन्ट्रल सोशल वेलफेयर बोर्ड बहुत पुराना है, जिसके नीचे एक ऑटोनोमस बॉडी आती है। मुझ यह सर्फ हासिल हुआ कि 1958 में जब जिले में कमेटीज़ होती थीं, तो मैं उस कमेटी की चेयरमैन थी। 1958 में, शायद आप में से बहुत से लोग उस वक्त पैदा भी नहीं हुए होंगे, जब मैं वहां की चेयरमैन बनाई गई थी। मैं आपसे कहना चाहती हूं, मैं सरकार से यह गुजारिश करना चाहूंगी कि यह मिनिस्ट्री जो है, इस मिनिस्ट्री को सिर्फ एक मिनिस्ट्री की हैसियत से मत देखिए, इस मिनिस्ट्री को सिर्फ एक डिपार्टमेंट की हैसियत से मत देखिए। पहले एच.आर.डी. एक डिपार्टमेंट होता था। 2006 में इसको फुल फ्लेज्ड मिनिस्ट्री का दर्जा दिया गया और इसमें लातादाद स्कीमें बनीं। मैं आपसे यह दर्ख्वास्त करना चाहती हूं कि यह मिनिस्ट्री हिन्दुस्तान के फ्यूचर को बनाती-संवारती है, जिस तरह से हीरा एक पत्थर होता है, उसकी जितनी अच्छी तराश होती है, उतना ही कीमती वह पत्थर होता है। आज जो आंगनवाड़ी चल रही है, आज जो बच्चों की बात हो रही है, आज जो महिलाओं की बात चल रही है, उसको एक मिनिस्ट्री की हैसियत से नहीं, बल्कि इंडिया के मुस्तकबिल के लिए, इंडिया के भविष्य के लिए देखना चाहिए। हम हिन्दुस्तान में एक साफ-सुथरे सेहतमंद समाज की, दिमागी और जिस्मानी तौर पर सेहतमंद समाज की जो रचना करने जा रहे हैं, उसमें यह सबसे बड़ी इम्पोर्टेंट मिनिस्ट्री है।

